छत्तीसगढ़ विधान सभा

फरवरी–मार्च, 2021 सत्र

दैनिक कार्य सूची

शुक्रवार,दिनांक 26 फरवरी, 2021 (फाल्गुन 7, 1942)

समय 11:00 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे।

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्री अमरजीत भगत, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री, छत्तीसगढ़ राज्य का आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 2020–21 पटल पर रखेंगे।

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानआकर्षण

(1) श्री सौरभ सिंह, सदस्य, जिला जांजगीर–चांपा, विकासखण्ड अकलतरा अंतर्गत न्यूवोको विस्टास संयंत्र द्वारा रैन वाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था तथा ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में वृक्षारोपण नहीं किये जाने की ओर आवास एवं पर्यावरण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(2) डॉ. लक्ष्मी ध्रुव, सदस्य, नगरी ब्लॉक के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में मोबाईल कनेक्टिविटी उपलब्ध नहीं होने के कारण ऑनलाईन शिक्षा में असुविधा होने की ओर स्कूल शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

4. प्रतिवेदनों की प्रस्तुति

डॉ. प्रीतमराम, सभापति, पटल पर रखे गये पत्रों का परीक्षण करने संबंधी समिति का द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

5. माननीय राज्यपाल महोदया के अभिभाषण पर श्री शैलेश पाण्डेय, सदस्य, द्वारा सोमवार, दिनांक 22 फरवरी,2021 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा (क्रमशः) :–

"माननीय राज्यपाल महोदया ने जो अभिभाषण दिया उसके लिये छत्तीसगढ़ विधान सभा के इस सत्र में समवेत् सदस्यगण अत्यन्त कृतज्ञ हैं।"

6. अशासकीय संकल्प

निर्धारित समय

1 घंटा (1) श्री सत्यनारायण शर्मा, सदस्य, निम्नलिखित, संकल्प प्रस्तुत करेंगे :–

यह सदन केन्द्र सरकार से अनुरोध करता है कि ''भारतीय जीवन बीमा निगम का विनिवेशीकरण न किया जाय, इसे शेयर बाजार में सूचीबद्ध न किया जाय तथा इसका आई.पी.ओ. जारी न किया जाय।''

1 घंटा (2) श्री अजय चंद्राकर, सदस्य, निम्नलिखित, संकल्प प्रस्तुत करेंगे :–

सदन का यह मत है कि ''प्रदेश में नशामुक्ति केन्द्र एवं पुनर्वास केन्द्र खोले जावें।''

30 मिनट (3) श्री देवेन्द्र यादव, सदस्य, निम्नलिखित, संकल्प प्रस्तुत करेंगे :–

सदन का यह मत है कि ''प्रदेश के शासकीय स्कूलों में योग शिक्षकों की नियुक्ति की जाय।''

चन्द्र शेखर गंगराड़े
प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा

रायपुर,
दिनांक 25 फरवरी,2021